प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 28.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को हर घर तिरंगा अभियान और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम से जुड़ने तथा सैल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की अपील की हैं। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश वासियों से 15 अगस्त से पहले अपने सुझाव उन तक भेजने का आग्रह करते हुए कहा है कि वे स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में इन सुझावों को शामिल करने की कोशिश करेंगे।

....

प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलम्पिक में शामिल भारतीय खिलाडियों का उत्साह बढाने की गुजारिश करते हुए देश की संस्कृति पर गर्व करने और इस संबंध में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने विभिन्न शहरों में सड़क किनारे दीवारों पर बनाई गई पेन्टिंग्स की प्रशंसा करते हुए कला और संस्कृति प्रेमियों से पब्लिक आर्ट पर काम करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने हेंडलूम उत्पादो और इस काम मे लगे विभिन्न संगठनों तथा स्टार्टअप का उल्लेख करते हुए 7 अगस्त को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हेंडलूम दिवस को लेकर हेंडलूम कारीगरों के कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने हेंडलूम कामगारों से उनके उत्पादों को हैशटेग माय प्रोडेक्ट माई प्राइड पर अपलोड़ करने को कहा। प्रधानमंत्री ने देश में खादी का कारोबार डेढ़ लाख करोड़ रूपये के पार पहुंच जाने पर प्रसन्नता जताते हुए देशवासियों से खादी वस्त्रो को अपनाने की अपील की। विश्व विरासत सूची में असम के चराईदेउ मैदाम को शामिल किये जाने पर प्रधानमंत्री ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन बढेगा और यहां की संस्कृति तथा अहोम साम्राज्य की जानकारी देश दुनिया को मिल सकेगी। प्रधानमंत्री ने कल मनाये जाने वाले टाइगर दिवस का जिक्र करते हुए बाघ को भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने रणथम्भौर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में चलाये जा रहे कुल्हाडी बंद पंचायत अभियान की प्रशंसा करते हुए इसे जनभागीदारी का अभूतपूर्व प्रयास बताया।

....

इससे पहले अपने संबोधन में श्री मोदी ने इंटरनेशनल मेथेमेटिक्स ओलंपियाड़ में भारतीय विद्यार्थियों के शीर्ष पांच में शामिल होने पर उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ओलंपियाड में शामिल इन युवाओं को मन की बात कार्यक्रम में आमंत्रित किया और उनसे संवाद किया। प्रधानमंत्री ने आने वाले पर्वो की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से परिवार के साथ त्यौहारों का आनंद उठाने और देश के लिये नया करने की ऊर्जा बनाये रखने का आह्वान किया।

....

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने को लेकर प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा गया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। जिलों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनाने के लिए व्यवस्थाएं की गई। बीकानेर में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। जैसलमेर में भी कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया। पाली के निंबलीउडा गांव में नरेगा श्रमिकों को कार्यक्रम सुनाया गया और समाज कार्यो के लिए प्रेरित किया गया।

....

प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम और एक वृक्ष देश के नाम अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में बीकानेर में बीएसएफ के जवानों ने सरहदी क्षेत्र में पौधारोपण किया। सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एम एल गर्ग और कार्यवाहक उप महानिरीक्षक सुब्रतो रॉय तथा कमांडेंट मोहिंदरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में 124 वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने पौधे लगाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

....